राजस्थान इंजिनियरिंग एडमीशन प्रोसेज (आरईएपी)–2015

प्राविधिक शिक्षा मण्डल, W–6 रेजिडेन्सी रोड़, जोधपुर

भूतपूर्व सैनिक, विशेष योग्य जन तथा कश्मीरी विस्थापितों के लिये काउन्सलिंग की सूचना

आरईएपी–2015 के अन्तर्गत भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित (EX-S), विशेष योग्य जन (Person with Disability) तथा कश्मीरी विस्थापित (KM) श्रेणी के अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी के समस्त मूल प्रमाण पत्रों तथा निर्धारित शुल्क के साथ कॉउन्सलिंग के लिये व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। कॉउसलिंग प्रक्रिया निम्न समय सारिणी अनुसार **राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, रेजिडेंसी रोड़, जोधपुर** में की जायेगीः–

क्र. सं.	श्रेणी	श्रेणी में मेरिट संख्या	दिनांक / समय
(1)	भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित		
(i)	EX-S1 (शहीद) Killed in action	जे.ई.ई. 1 से 02	17.07.2015 प्रातः 9.00 बजे से
		XIIth 1 से 04	
(ii)	EX-S2 Disabled in action and boarded out from service / Died while in service with death attributable to military service / Disabled in service and boarded out with disability attributable to military service	जे.ई.ई. 1 से 10	17.07.2015 प्रातः 9.30 बजे से
		XIIth 1 से 13	
(iii)	EX-S3 Gallantry Award winner	जे.ई.ई. NIL	- N.A. -
		XIIth NIL	
(iv)	EX-S4 Ex-Serviceman (भूतपूर्व सैनिक)	जे.ई.ई. 1 से 131	17.07.2015 प्रातः 10.00 बजे से
		XIIth 1 से 186	
(2)	विशेष योग्य जन (PwD)	जे.ई.ई. 1 से 32	18.07.2015 प्रातः 9.00 बजे से
		XIIth 1 से 44	
(3)	कश्मीरी विस्थापित (KM)	जे.ई.ई. 1 से 102	18.07.2015 दोपहर 12.00 बजे से
		XIIth 1 से 107	

उपरोक्त श्रेणियों में भूतपूर्व सैनिकों, विशेष योग्य जन तथा कश्मीरी विस्थापितों के लिए राज्य सरकार के नियमानुसार आरक्षित सीटों के लिये काउन्सलिंग होगी। चूंकी श्रेणीवार स्थान सीमित हैं, अतः संदर्भित श्रेणी मे स्थान समाप्त होते ही उस श्रेणी की काउन्सलिंग समाप्त कर दी जायेगी। **साक्षात्कार के समय संबंधित श्रेणी का मूल प्रमाण–पत्र, दसवीं उत्तीर्ण मूल अंक तालिका, 12 वीं उर्त्तीण की मूल अंकतालिका, जे ई ई की अंक तालिका, राजस्थान का मूल निवास का प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक का मूल डिसचार्ज प्रमाण पत्र, मूल पी.पी.ओ. एवं भूतपूर्व सैनिकों के अन्य सभी संबंधित मूल प्रमाण पत्र साथ लाना होगा**, इसके अभाव में उसे कोई भी सीट का आवण्टन नहीं किया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। प्रवेश होने पर सभी मूल दस्तावेज जमा करवाने होगें जमा नही करवाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। मूल दस्तावेज प्रवेशित संस्थानों में भेज दिये जायेगें। इंजिनियरिंग में राज्य से अनुदानित सीटों (GAS) के लिये 30,000 + 5000 = 35,000 रुपये तथा स्ववित्त पोषित (SFS) सीटों के लिये 70000 + 7500 = 77,500 रुपये फीस लानी होगी। **यह फीस राशि अन्तरिम है, राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2015–16 के लिये फीस कमेटी द्वारा फीस निर्धारण उपरान्त फीस की अन्तर राशी संबधित प्रवेशित संस्थान में जमा करवानी होगी।** मूल प्रमाण पत्रों व फीस के अभाव मे अथवा अभ्यर्थी के अनुपस्थित होने की स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

उक्त सूचना मण्डल की वेबसाइट http://techedu.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को अलग से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजे जा रहे है, अतः अभ्यर्थी को वेबसाइट से इन श्रेणियों में अपनी मेरिट देखकर उपरोक्त समय सारणी के अनुसार उपस्थित होना हैं। जो अभ्यर्थी इस काउन्सलिंग मे उपस्थित नहीं होते हैं अथवा इस काउन्सलिंग में उपस्थित होने पर चाही गई सीट आवंटित नहीं होती हैं उन्हें काउन्सलिंग द्वारा मेरिट अनुक्रम अनुसार उनके द्वारा भरे गये ऑनलाइन ऑप्शन फार्म अनुसार सीट आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।

समन्वयक